Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in
मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1047 / W-19 / 292 दिनांक 18/05/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः— सोशल मिडिया पत्र ई—आई नेस्ट लाइव में प्रकाशित खबर "शो—पीस बनी 'जल जीवन मिशन' की टंकिया" के सम्बन्ध में।


महोदय,

उपरोक्त विषयक सोशल मिडिया पत्र ई—आई नेस्ट लाइव में दिनांक 18.05.2026 को प्रकाशित खबर **"शो—पीस बनी 'जल जीवन मिशन' की टंकियां"** शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है विकासखण्ड शंकरगढ़ के **ग्राम लालापुर** को में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना में सोनौर जोन—37 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 07 राजस्व ग्राम(भटपुरा, चकसुचेर, चिन्तापुर, गोपीपुर, लालापुर, मदुरी एवं सोनौर) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(175के0एल0 / 18मी0), वितरण प्रणाली—27800मी0, हाउस कनेक्शन 1050 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 80 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 18058 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है। **ग्राम कचरा** को जोन—08 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 05 राजस्व ग्राम(कचरा, मानपुर, नगरवर, ओझापट्टी एवं बरहुला) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(125के0एल0 / 15मी0), वितरण प्रणाली—16044मी0, हाउस कनेक्शन 598 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 85 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 16044 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है। **ग्राम—घूरी** को जोन—12 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 04 राजस्व ग्राम(घूरी, गवरा तरहार, मजरा चौबे एवं सोनौरी) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(125के0एल0 / 18मी0), वितरण प्रणाली—17598 मी0, हाउस कनेक्शन 627 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 75 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 11627 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है। **ग्राम सुजौना** को जोन—22 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 02 राजस्व ग्राम(सुजौना एवं पूरा किन्नर) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(100के0एल0 / 16मी0), वितरण प्रणाली—16164 मी0, हाउस कनेक्शन 362 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 75 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 7707 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है। **ग्राम बसहरा उपरहार** को जोन—31 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 05 राजस्व ग्राम(बैरी, बसहरा उपरहार, बेल खरिया, घोरहा कल्यानपुर एवं मवैया पहलवान) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(150के0एल0 / 15मी0), वितरण प्रणाल—26193 मी0, हाउस कनेक्शन 591 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 85 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 18500 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है। **ग्राम सेमरी** को जोन—68 अन्तर्गत सम्मिलित कर पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 03 राजस्व ग्राम(सुपरी, सेमरी तरहार एवं नौगिरा तरहार) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय(125के0एल0 / 16मी0), वितरण प्रणाल—27258 मी0, हाउस कनेक्शन 550 नग, बाउण्ड्रीवॉल एवं तत्सम्बन्धी प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष शिरोपरि जलाशय 65 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 17608 मी0 एवं बाउण्डीवॉल का कार्य करा दिया गया हैं, अवशेष कार्य प्रगति पर है।

**उल्लेखनीय है कि जनपद प्रयागराज में** जल जीवन मिशन फेज—4 कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील बारा के 02 विकास खण्डों (जसरा एवं शंकरगढ) के 276 राजस्व ग्रामों में प्रयागराज सतही स्रोत (यमुना) ग्राम समूह पेयजल योजना का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा अनुबंधित फर्म **मेसर्स विष्णु प्रकाश आर पुगलिया लि०. जोधपुर** द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत 276 राजस्व ग्राम को 74 जोन में विभाजित किया गया है। जिसके अन्तर्गत एक नग Intake well (55 MLD)–72%, एक नग WTP (44 MLD)– 80%, तथा वितरण प्रणाली 2329.00 किमी० के सापेक्ष 2323.00 किमी०. तथा शिरोपरि जलाशय 74 के सापेक्ष 29 नग के कार्य पूर्ण, 23 नग (76%—99%), 15 नग (51%—75%), 05 नग (26%—50%) एवं 02 नग (0%—25%) का कार्य

प्रगति पर है। योजना की औसत प्रगति लगभग 75 प्रतिशत है। उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 38/2025/2620/छियत्तर–1–2025–1803110, 39/2025/2619/छियत्तर–1–2025–1612341, 40/2025/1658/छियत्तर –1–2025–1882022 एवं 41/2025/1659/छियत्तर–1–2025–1882029 के क्रम में 90 से 100 प्रतिशत तथा 80 से 90 प्रतिशत पूर्ण योजनाओं के भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में प्राथमिकता के आधार पर फर्म द्वारा योजना के अवशेष कार्यों को कराया जा रहा है। अवशेष कार्यों को दिसम्बर–2027 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।





अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(एस0एस0 परमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
3– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
4– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
5– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

अधिशासी अभियन्ता